प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया अगले तीन दिनों तक के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलते ही पुलिस मुख्यालय ने पांच सितंबर तक सभी केन्द्रों पर होने वाली भर्ती की शारीरिक परीक्षा स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया। उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान अब तक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए भर्ती नियमावली की समीक्षा करने और पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत देने के निर्देश दिये हैं।

****

उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान मृत अभ्यर्थियों के परिजनों को भाजपा एक–एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने इन मौतों के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए पीड़ित परिवारों को 50–50 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की।

****

अब से कुछ ही देर बाद नई दिल्ली में नये झारखंड भवन का उदघाटन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और सत्यानंद भोक्ता सहित राज्य सरकार के कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। झारखंड भवन का निर्माण दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बंगला साहिब रोड में कराया गया है। यहां अतिथियों को ठहरने के लिए 50 गेस्ट रूम बनाये गये हैं। इस भवन में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और मुख्य सचिव के लिए अलग सुइट बने हैं। वीवीआइपी के लिए विशेष कमरों का निर्माण कराया गया है।

****

झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर आदर्श व्यवस्था अपनाने पर सहमति बनी। इसके साथ ही इस माह पार्टी की ओर से शुरु होने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। बैठक के बाद पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर आजसू पार्टी और जदयू से बातचीत जारी है।

****

सरायकेला खरसावां जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर जिले मे ईवीएम मशीन एवं वीवीपीएटी की जांच शुरू कर दी गई है। जिला मुख्यालय सरायकेला स्थित ईवीएम वेयर हाउस में भंडारित ईवीएम और वीवीपैट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने पदाधिकारियों को एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया है।

****

रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने रांची स्टेशन से भारी मात्रा में शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के रहने वाले है। रांची पोस्ट के निरीक्षक डी शर्मा ने मंगलवार को बताया कि शराब की धर–पकड़ के लिए आरपीएफ की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर दो व्यक्तियों को पकड़कर उनके बैगों की तलाशी ली। बैग से अलग–अलग ब्रांड के शराब की 121 बोतल बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत एक लाख 52 हजार रुपये बताया गया।

****

हजारीबाग जिले में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 500 आंगनबाड़ी सेविकाओं को अलग अलग बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे केंद्र में आने वाले बच्चों की सही तरीके से देखभाल कर सके।

****

बोकारो जिले में लाभुकों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसे लेकर बैंको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा कोयलांचल और संताल के इलाके में हल्के से मध्यम

दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पांच सितंबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश की संभावना है।

*******समाप्त********